# कार्यालय प्रधानाचार्य, महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज, झाँसी।

संख्या /नियुक्ति/प्रदर्शक/2025/एस0सी0–1 दिनांक : 01/04/25

## विज्ञापन

इस चिकित्सा महाविद्यालय में रेजीडेन्सी योजना शासनादेश संख्या –4401813 सेक–14/पॉच–94 अनुभाग–14 लखनऊ 02 अगस्त 1994, शासनादेश संख्या–3126/71–3–2010–सी0एम0यू0–133/2008 चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊ दिनांक 07–09–2012 एवं शासनादेश संख्या –1250/71–1–2012–जी–226/2009 चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–1 लखनऊ 30 अक्टूबर 2012,एवं शासनादेश संख्या 71–1001(099)/75/2022चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–1 लखनऊ दिनाक 17–मई– 2022 एवं शासनादेश संख्या 71–1001(099)/75/2022 –1–चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–1 लखनऊ दिनाक 05–अप्रैल– 2023 एवं भारत का राजपत्र राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग नई दिल्ली 14 फरवरी 2022 के अन्तर्गत निम्नलिखित विभागो में टयूटर/प्रदर्शक के पदों पर **वेतन मेट्रिक्स के लेविल–10 का वेतनमान 56100-177500 में छात्रवेतन रूपये 56100/–**एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा समय समय पर स्वीकृत अन्य भत्तों के साथ मेडिकल ग्रेजुएट अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप पर दिनाक **07-04-2025 अपराहन 05:00 बजे** तक आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1– | इमरजेन्सी विभाग | – | दो पद (अनारक्षित–1, अनुसूचित जाति–1 ) |
| 2– | एनाटामी | – | दो पद ( अनारक्षित–1, अन्य पिछड़ा वर्ग–01 ) |
| 3– | टी0बी0 एवं चेस्ट विभाग | – | पॉच पद (अनारक्षित–02, अन्य पिछड़ा वर्ग –02, अनुसूचित जाति –01) |
| 4– | स्किन एवं वी0डी0 विभाग | – | चार पद (अनारक्षित–01,अनुसूचित जाति–01,अन्य पिछडा वर्ग–01 ई0डब्लू0एस0–01) |
| 5– | दन्त विभाग | – | एक पद ( अनारक्षित–1) |
| 6– | फिजियोलॉजी विभाग | – | **एक पद ( अनुसूचित जाति–01,)** |
| 8– | फारेन्सिक मेडिसिन विभाग | – | **एक पद (अनारक्षित–01 )** |
| 9– | बायोकेमिस्ट्री विभाग | – | **चार पद (अनारक्षित–01,अन्य पिछड़ा वर्ग–02 ई0डब्लू0एस0–01)** |
| 10– | माइकोबायोलॉजी विभाग | – | **दो पद( अनारक्षित–1, अनुसूचित जाति–1,)** |
| 11– | मानसिक रोग विभाग | – | **दो पद ( अनारक्षित–1, अन्य पिछड़ा वर्ग –01 )** |

इन पदों पर आवेदन की अर्हतायें निम्नलिखित है।

1– एम0बी0बी0एस0 परीक्षा वर्ष 2021 या उसके बाद में उत्तीर्ण अभ्यर्थी ही आवेदन के पात्र होंगे एवं वर्तमान में उत्तीर्ण अभ्यर्थियो को वरियता प्रदान की जायेगी। आवेदक को मेडिकल कौन्सिल ऑफ इण्डिया/उ0प्र0 स्टेट मेडिकल कौन्सिल में स्थाई पंजीकृत होना चाहिए।

2– अभ्यर्थी की आयु साक्षात्कार की तिथि को 45 वर्ष या उससे कम होनी चाहिए।

3– घोषणा/शपथ पत्र कि अभ्यर्थी ने महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज झाँसी/ अन्य किसी कॉलेज/संस्था मे 03 वर्ष से अधिक जूनियर रेजीडेन्ट प्रथम वर्ष ट्रामा सेन्टर /नॉन पी0जी0जे0आर0/ टयूटर/प्रदर्शक के पद पर कार्य नही किया है।

4– **महानिदेशालय/शासन द्वारा बाण्ड से आच्छादित अभ्यर्थी तैनात किये जाने /अन्य दिशा निर्देश प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थी की सेवाएं तत्काल समाप्त कर दी जायेंगी।**

5– दन्त विभाग के टयूटर/प्रदर्शक पद पर नियुक्ति हेतु बी0डी0एस0 परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी पात्र होंगे।

6– मेडिकल कालेज झाँसी से एम0बी0बी0एस0 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के न मिलने पर अन्य कालेज से एम0बी0बी0एस0 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के आवेदन पर विचार किया जायेगा ।

7– बायोकेमिस्ट्री विभाग का अन्य पिछड़ा वर्ग – 01 पद एवं माईकोबायोलॉजी विभाग का अनुसूचित जाति –01 पद पर कमश एम0एस0सी0मेडिकल बायोकेमिस्ट्री, एवं एम0एस–सी0 मेडिकल माईकोबायोलॉजी के उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते है।

8– **अभ्यर्थियों का चयन अर्हता परीक्षा के प्राप्तांको एवं दिनांक 08–04–2025 को दोपहर 12:00 बजे कालेज के समिति कक्ष में होने वाले अभ्यर्थियों के साक्षात्कार के प्राप्तांकों के आधार पर किया जायेगा । अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु समय से उपस्थित हों ।**

9– साक्षात्कार हेतु यात्रा भत्ता अनुमन्य नहीं है।

10– यह नियुक्तियॉ पूर्णतः अस्थाई है एवं दिनांक **31–03–2026** तक के लिए की जायेंगी।

11– यह नियुक्तियॉ बिना कोई कारण बताये कभी भी निरस्त की जा सकती है। नियुक्तियॉ, सेवा समाप्ति या इससे संबधित किसी अन्य प्रकार के विवादास्पद मामले में प्रधानाचार्य का निर्णय अन्तिम होगा और इस संबंध में किसी भी न्यायालय में किसी प्रकार का कोई वाद नहीं बनेगा ।

12– अभ्यर्थियों के कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात अपने पद से त्यागपत्र देने पर उसे एक माह का अग्रिम नोटिस अथवा एक माह का वेतन जमा करना होगा।

आवेदन पत्र ( निर्धारित प्रारुप ) पर अभ्यर्थी का नाम, जन्म तिथि, श्रेणी, स्थाई एवं पत्र व्यवहार का पता, शैक्षिक योग्यता का पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से अंकित होना चाहिए। आवेदन पत्र के साथ पासपोर्ट साइज का एक फोटो तथा समस्त शैक्षणिक (हाईस्कूल का प्रमाण पत्र, इन्टरमीडिएट की अंकतालिका, एम0बी0बी0एस0 की अंकतालिकाएं, इन्टर्नशिप प्रमाण पत्र, एम0बी0बी0एस0 का रजिस्ट्रेशन, एम0बी0बी0एस0 की उपाधि।)एवं अन्य प्रमाण पत्रों ( जाति प्रमाण पत्र, एन0ओ0सी0 इत्यादि लागू होने की दशा मे ) की प्रमाणित प्रतियॉ संलग्न होना चाहिए। निर्धारित तिथि/समय के बाद प्राप्त आवेदन पत्र एवं अपूर्ण आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

प्रधानाचार्य,
महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज ,झाँसी ।

संख्या 17. /नियुक्ति/प्रदर्शक/2025/एस0सी0–1 तदिनाक ।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1– समस्त विभागाध्यक्ष । 2– नोटिस बोर्ड, छात्रानुभाग/ कालेज एव समस्त छात्रावास ।
3– प्रमुख अधीक्षक/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,मेडिकल कालेज चिकि0,झाँसी। 4– महानिदेशक, चि0शि0 एव प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
5– प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज कानपुर/मेरठ/आगरा/इलाहाबाद/गोरखपुर/ आजमगढ़, अम्बेडकरनगर, कन्नौज, जालौन, सहारनपुर, बॉदा, बदायूं को इस अनुरोध के साथ कि इस विज्ञापन को अपने सूचना पट पर प्रसारित कराने को कष्ट करें।
6– कुलसचिव, सी0एस0एम0 (के0जी0) मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ सैफई, इटावा को इस अनुरोध के साथ कि इस विज्ञापन को अपने सूचना पट पर प्रसारित कराने को कष्ट करें। ।
7 –स्वशासी राजकीय मेडिकल कालेज, अयोध्या,शाहजहांपुर, देवरिया/एटा/फतेहपुर/गजीपुर/ हरदोई/मीरजापुर /प्रतापगढ़/सिद्वार्थनगर को इस अनुरोध के साथ कि इस विज्ञापन को अपने सूचना पट पर प्रसारित कराने को कष्ट करें।
8– प्रभारी अधिकारी वेवसाइट को इस आशय से कि उपरोक्त विज्ञप्ति को कालेज की वेबसाइट पर प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।

प्रधानाचार्य,
महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज ,झाँसी ।

Scanned with OKEN Scanner